Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006
Participants : Yadav Shri Devendra Prasad

an>

Title : Need for construction of a bridge on Bhuthi Valan river on Indo-Nepal border.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, एन0एच0 104 भारत-नेपाल सीमा के समानांतर सामरिक महत्व का पथ है जो सीमांचल के लोगों की जीवन रेखा है। इस पथ के कि0मी0 194 और 195 के बीच भुतही वलान नदी पर सेतु नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है तथा यातायात ठप्प हो जाता है, जिसके कारण नेपाल सीमा पर चौकसी के लिए भारत सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति एस.एस.बी. को नेपाल सीमा पर चौकसी बरतने में भी बाधा उत्पन्न हो जाती है। इस सेतु निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट स्वीकृति तथा धन आबंटन के लिए मंत्रालय में प्राप्त है। मैं चाहूंगा कि जनहित में तथा सीमा सुरक्षा के मद्देनजर इस पथांश में निर्बाध यातायात जारी रखने के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर भुतही बलान नदी पर सेतु निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये जाने की दिशा में अतिशीघ्र कदम उठाये।